रजिस्ट्री सं० डी--(डीएन)---128/89

REGISTERED No. D--(DN)--128/89

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 28] नई दिल्ली, शनिवार, जुलाई 15, 1989 (आषाढ़ 24, 1911)

No. 28] NEW DELHI, SATURDAY, JULY 15, 1989 (ASADHA 24, 1911)

(इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके)

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खण्ड 1—रक्षा मंत्रालय को छोड़कर भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों, संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं	547
भाग I—खण्ड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	717
भाग I—खण्ड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	
भाग I—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	867
भाग II—खण्ड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	*
भाग II—खण्ड 1-क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ	*
भाग II—खण्ड 2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के विनिश्चय तथा रिपोर्ट	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i) भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं)	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (iii) भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी अधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भाग II के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं)	*
भाग II—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश	*
भाग III—खण्ड 1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखा परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	601
भाग III—खण्ड 2—पेटेन्ट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से संबंधित अधिसूचनाएं और नोटिस	659
भाग III—खण्ड 3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	*
भाग III—खण्ड 4—विविध अधिसूचनाएं जिनसें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं	661
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस	89
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी खण्डों में मूल्य और मृत्यु के आंकड़ों को निकालने वाला अनुपूरक	

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court.	547
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	717
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence . . .	—
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	867
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1-A—Authoritative texts in Hindi Language of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills . . .	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (i)—General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws, etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India, (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) .	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) .	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by General Authorities (other than Administration of Union Territories) . .	*
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence . .	*
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India	601
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs	659
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	*
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	661
PART IV—Advertisements and Notices Issued by Private Individuals and Private Bodies .	89
PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi	*

*Folio Nos. not received

भाग I—खण्ड 1

[PART I--SECTION 1]

(रक्षा मंत्रालय को छोड़ कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 26 जून 1989

सं० 57-पेज/89—राष्ट्रपति, मध्य प्रदेश पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री पुरुषोत्तम शर्मा, (मरणोपरान्त)
कांस्टेबल नं० सी-1779
डी० आर० पी० लाइन्स
जिला : ग्वालियर,
मध्य प्रदेश ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

2 अप्रैल, 1987 को डी० आर० पी० लाइन ग्वालियर के हैड कांस्टेबल रामानन्द, कांस्टेबल भगवानदास और कांस्टेबल पुरुषोत्तम शर्मा को रवि पांडे तथा भगवानदास कमारिया नामक विचाराधीन कैदियों को जिला न्यायालय ग्वालियर ले जाने के लिए मार्गरक्षण हेतु तैनात किया गया। लगभग दिन के 3.30 बजे उक्त विचारणाधीन कैदियों सहित मार्ग रक्षी दल आटोरिक्शे में केन्द्रीय जेल वापस आ रहा था। जब वे रामदास की घाटी पहुंचे तो एक फिएट कार उनके पीछे से आकर आटोरिक्शे के आगे खड़ी हो गयी और रास्ता रोक दिया। इसी बीच पीछे से एक और एमबेस्टर कार भी आई तथा आटोरिक्शे के नजदीक खड़ी हो गई। बन्दूकों तथा रिवाल्वरों से लैस लगभग 10-12 सशस्त्र युवक एमबेस्डर कार से बाहर आए तथा उन्होंने आटोरिक्शा और मार्गरक्षी दल पर अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरु कर दी। हमलावरों ने दोनों विचारणाधीन कैदियों को मार डालने के विचार से उन्हें भगा ले जाने की कोशिश की। कांस्टेबल पुरुषोत्तम शर्मा इस एकाएक अन्धाधुन्ध गोली बारी के दौरान गोली चलने से घायल हो गए घायल होने के बावजूद उन्होंने साहस नहीं खोया और वे अपराधियों के साथ दृढ़ता तथा साहस के साथ लड़ते रहे। अन्ततः वे विचारणाधीन कैदियों को भगाकर ले जाने के आततायियों के प्रयास को विफल करने में सफल हो गए।

आततायियों के साथ हुई इस झड़प में एक विचारणाधीन कैदी रवि पांडे भी गोली लगने से घायल हो गया और बाद में घायल होने से उसकी मृत्यु हो गई।

आततायियों के साथ हुई हाथापाई के दौरान कांस्टेबल, पुरुषोत्तम शर्मा के शरीर में अनेक गहरे घाव हो गए। परन्तु अपने घावों की परवाह न करते हुए वे बदमाशों के साथ तबतक लड़ते रहे जब तक कि वे भाग नहीं गए। इस घटना के दौरान उन्होंने न केवल अपराधियों को विचारणाधीन कैदियों को भगाकर ले जाने से रोका बल्कि कैदी भगवानदास कमारिया की जिन्दगी भी बचाई। बुरी तरह घायल हो जाने के कारण कांस्टेबल पुरुषोत्तम शर्मा भी अन्ततः चल बसे।

इस घटना में श्री पुरुषोत्तम शर्मा, कांस्टेबल ने उत्कृष्ट वीरता, साहस तथा उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 2 अप्रैल, 1987 से दिया जाएगा

सं० 58-पेज/89—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री निर्मल सिंह, (मरणोपरान्त)
पुलिस निरीक्षक,
80 वीं० बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

3 मार्च, 1988 को रात के लगभग 11.10 बजे पुलिस, निरीक्षक निर्मल सिंह, जो छः दिन के आकस्मिक अवकाश पर थे, अपने मूल निवास स्थान, ग्राम कड़ी—सहरी, जिला—होशियारपुर, में होली की पूर्व सन्ध्या पर एक मन्दिर के समारोह में भाग ले रहे थे। उसी समय ए० के०—47 राईफलों से लैस लगभग 6 से 8 आतंकवादियों ने वहां एकत्रित जनसमूह पर अन्धाधुन्ध गोलियां चलानी शुरु कर दी।

एक बहुत अच्छे प्रशिक्षित होने के नाते निरीक्षक निर्मल सिंह आतंकवादियों की गोलियों से स्वयं को बचा सकते थे, परन्तु उन्होंने आतंकवादियों का सामना करना पसन्द किया। उन्होंने लोगों को छुपाने में उनकी सहायता की और इस प्रकार निजी सुरक्षा की चिन्ता किए बिना उन्होंने काफी लोगों को आतंकवादियों की गोलियों का शिकार होने से बचाया। उन्होंने भयभीत हुए लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया और फिर निहत्थे ही आतंकवादियों से निपटने के उद्देश्य से वापस आए। इस प्रक्रिया में उनकी दाईं आंख की भौं पर एक गोली लगी, जो उनकी खोपड़ी में घुस गई। निरीक्षक निर्मल सिंह के इस साहसिक कार्य का बखान उस पूरे कस्बे में किया जाने लगा। कई बहुमूल्य जाने बचाने में उन्होंने जो अदम्य साहस दिखाया, उसकी प्रत्येक व्यक्ति द्वारा प्रशंसा की गई।

इस घटना में श्री निर्मल सिंह, पुलिस निरीक्षक, ने उत्कृष्ट वीरता और उच्चकोटि के साहस का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 3 मार्च, 1988 से दिया जाएगा।

सं० 59-पेज-89—राष्ट्रपति, बिहार पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री महेश सिंह,
पुलिस उप-निरीक्षक,
पुलिस स्टेशन : रहुई,
जिला—नालन्दा,
बिहार।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

15 जून, 1985 को शाम के लगभग 6.30 बजे कुछ होमगार्ड के जवान और स्थानीय चौकीदार सहित उप-निरीक्षक महेश सिंह राष्ट्रीय राजपथ पर गश्त लगा रहे थे। कूट फैक्ट्री के नजदीक पहुंचने पर उन्होंने दो व्यक्तियों को

फैक्ट्री के पास संदिग्ध स्थिति में खड़ा देखा। उन्होंने सड़क के पूर्वी भाग की झाड़ियों से कुछ कानाफूसी की आवाजें भी सुनी। चौकीदार ने सूचित किया कि ये शिवन पासवान और मथन पासवान नामक दो जाने माने अपराधी हैं।

ज्योंही पुलिस दल अपराधियों के पास पहुंचा तो उन्होंने भागना शुरू कर दिया। उनके पीछे चार और व्यक्ति भी भागे, जो झाड़ियों में छिपे हुए थे। श्री महेश सिंह ने ड्राइवर को वाहन रोकने के लिए कहा और होमगार्ड के जवानों को उनका पीछा करने को कहा। अपराधी दो दिशाओं को भागे। शिवन पासवान सड़क के पूर्व की ओर भागा और पांच अन्य सड़क के पश्चिम की ओर भागे। श्री महेश सिंह ने शिवन पासवान का पीछा किया और पुलिस दल के अन्य सदस्यों ने शेष अपराधियों का पीछा किया। श्री महेश सिंह जब अपराधी के नजदीक पहुंचे तो उन्होंने उसे रुक जाने और आत्मसमर्पण करने के लिए ललकारा। उप-निरीक्षक महेश सिंह को अपने करीब पाकर अपराधी ने उन पर गोली चला दी, श्री महेश सिंह सौभाग्यवश घायल होने से बच गए। तथापि, इससे महेश सिंह भयभीत नहीं हुए और वह अपराधी का पीछा करते रहे। अपराधी ने बाद में स्थिति संभाली और श्री महेश सिंह पर पुनः गोली चलाई। गोली उनके टांग पर लगी और वे गिर पड़े। घायल होने के बावजूद उन्होंने साहस नहीं खोया और दुबारा अपराधी को गोलीबारी बन्द करने तथा आत्मसमर्पण कर ने की चेतावनी दी। इस पर अपराधी ने भी श्री महेश सिंह को अपनी रिवाल्वर फेंक देने और आत्मसमर्पण करने को ललकारा। श्री महेश सिंह ने अपनी रिवाल्वर से अपराधी पर गोली चलाई, जिससे वह घायल हो गया। कुछ देर बाद गोलीबारी रुकने पर श्री महेश सिंह धीरे-धीरे अपराधी की तरफ बढ़े और उन्होंने उसे मृत पड़ा हुआ पाया। मृत अपराधी से एक देशी, .315 पिस्तौल, कुछ खाली-भरे हुए कारतूस बरामद हुए।

इस मुठभेड़ में श्री महेश सिंह, पुलिस उप-निरीक्षक ने उत्कृष्ट वीरता, साहस तथा उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 15 जून, 1985 से दिया जाएगा।

सं० 60-प्रेज-89—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री कुलदीप सिंह,
कांस्टेबल सं० 810490027,
49 बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल,
अमृतसर।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया

6 अगस्त, 1987 को प्रातः लगभग 6.00 बजे स्वर्ण मन्दिर परिसर से बाहर आ रहे संदिग्ध व्यक्तियों की जांच करने के लिए स्वर्ण मन्दिर परिसर के पीछे कटरा दल सिंह चौक पर कांस्टेबल कुलदीप सिंह सहित केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की एक टुकड़ी द्वारा विशेष नाकाबन्दी की गई। प्रातः लगभग 8.30 बजे उन्होंने दो साइकिल चालकों को रोका, जो अपनी साइकिलें छोड़कर भागने की कोशिश कर रहे थे। नाकाबन्दी दल ने गलियों में काफी दूर तक संदिग्ध आतंकवादियों का पीछा किया। उनमें से एक आतंकवादी ने अपनी पिस्तौल निकाली और नाकाबन्दी दल पर गोली चलाने की कोशिश की। कांस्टेबल कुलदीप सिंह, जो पीछा करने वाली टुकड़ी का नेतृत्व कर रहे थे, खतरे को भांपकर, आतंकवादी पर झपट पड़े और अपनी सुरक्षा की परवाह किए बगैर उसे दबोच लिया। आतंकवादी ने अपनी पिस्तौल से कुछ गोलियां चलाई परन्तु कांस्टेबल कुलदीप सिंह उसे दबोचे हुए होने के कारण घायल नहीं हुए। आतंकवादी ने, जो कांस्टेबल से अधिक बलवान था, अन्य पुलिस कार्मिकों को अपनी ओर तेजी से आते हुए देखकर अपनी पूरी ताकत लगाई और कांस्टेबल कुलदीप सिंह की पकड़ से निकल गया। उग्रवादी ने पुलिस दल पर अंधाधुंध गोली चलाकर भागने की कोशिश की। एक उप-निरीक्षक और एक कांस्टेबल ने उग्रवादी पर तुरन्त गोली चलाई, जिसकी तत्काल मृत्यु हो गई। नाकाबन्दी दल ने दूसरे उग्रवादी का पीछा किया परन्तु वह बाजार की भीड़भाड़ वाली गलियों से भाग निकला। मृत आतंकवादी की बाद में शिनाख्त होने पर पता चला कि वह अमृतसर का अमरजीत उर्फ बिट्टू था जो हत्या के अनेक मामलों में शामिल था। मृत आतंकवादी से 7.63 की भरी हुई एक विदेशी पिस्तौल, गोला-बारूद के कुछ खाली कवर और एक अतिरिक्त भरी हुई मेगजीन बरामद की गई।

इस मुठभेड़ में श्री कुलदीप सिंह, कांस्टेबल, ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 6 अगस्त, 1987 से दिया जाएगा।

सं० 61-प्रेज-89—राष्ट्रपति, महाराष्ट्र पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री उत्तम राजाराम भोसले,
कांस्टेबल सं० 3561,
थाना: थाणे नगर,
थाणे,
महाराष्ट्र।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

18 सितम्बर, 1987 को थाणे नगर पुलिस स्टेशन के कांस्टेबल उत्तम राजाराम भोसले दोपहर का भोजन करने के लिए विश्वरोली स्थित अपने निवास को जा रहे थे। लगभग दिन के 12.45 बजे जब वे थाणे रेलवे स्टेशन के निकट पहुंचे तो उन्होंने गोली चलने की आवाज सुनी। उन्होंने एक व्यक्ति को जिसके हाथ में एक रिवाल्वर था, मैडिकल और जनरल स्टोर के सामने वाले रिक्शा स्टैंड की ओर निशाना लगाते हुए देखा। रिवाल्वर वाले व्यक्ति तथा उसके दो साथियों ने रेलवे स्टेशन की ओर भागना शुरू किया। कांस्टेबल भोसले ने "पकड़ो-पकड़ो" चिल्लाते हुए उनका पीछा करना शुरू कर दिया। जब वे कोपरी कालोनी जाने के लिए रेल की पटरी पार करने ही वाले थे कि कांस्टेबल भोसले उस व्यक्ति पर जिसके हाथ में रिवाल्वर था झपट पड़े, तथा उसको पकड़ लिया। दोनों रेल की पटरी पर गिर पड़े तथा इस प्रक्रिया में रिवाल्वर कुछ दूर जा गिरा। उनमें से एक व्यक्ति, जो कुछ आगे निकल गया था, अपने साथी के पुलिस द्वारा पकड़े जाने पर, वापस आया और रिवाल्वर दिखाकर कांस्टेबल की बाईं आंख और पीछे लातें मारनी शुरू कर दीं। इसके परिणामस्वरूप, कांस्टेबल भोसले की पकड़ ढीली हो गई और अपराधी भागने में सफल हो गया। उनमें से दो व्यक्ति भीड़-भाड़ वाले बाजार क्षेत्र में भाग निकले। कांस्टेबल भोसले ने उस व्यक्ति का जिसके हाथ में रिवाल्वर था पीछा किया और कांस्टेबल भोसले अपराधी के निकट पहुंचे तो वह अचानक पीछे मुड़ा और श्री भोसले पर गोली चला दी, जो कि सौभाग्यवश उनको नहीं लगी। अपराधी ने श्री भोसले पर दुबारा गोली चलाई, पर वह भी उनको नहीं लगी।

उसी समय एक व्यक्ति ने सब्जी मार्किट के निकट अपनी कार रोकी। अपराधी कार की ओर दौड़ा, तथा चालक की ओर रिवाल्वर का निशाना बनाकर आगे वाली सीट पर बैठ गया और चालक को कार चलाने को कहा। कांस्टेबल भोसले तुरन्त कार की ओर दौड़े और कार का अगला दरवाजा खोलकर चालक और उसके साथ बैठी लड़की को बाहर निकाल कर उन्हें वहां से भाग जाने को कहा। जब वह ऐसा कर रहे थे तो अपराधी ने उन पर एकबार पुनः गोली चलाई। कांस्टेबल भोसले ने तब अपराधी पर काबू पा लिया और उसका रिवाल्वर छीन लिया। इस दौरान अन्य प्रतिद्वन्द्वी समूह के 4-5 गुण्डे घटना स्थल पर पहुंचे जिन्होंने अपराधी पर हमला किया और उसके सिर पर तलवार से वार करके घायल कर दिया जिसके कारण अपराधी कार में गिर गया। उसी समय, पुलिस के एक उप-निरीक्षक भी अपने कुछ साथियों सहित वहां पहुंच गए, उन्होंने अपराधी को अस्पताल भेज दिया। अपराधी की बाद में विश्वरोली के कुख्यात गुण्डे, भगवान विट्ठल पोसकर के रूप में शिनाख्त हुई, जिसकी फौजदारी के कई मामलों में तलाश थी।

इस घटना में, श्री उत्तम राजाराम भोसले, कांस्टेबल ने उत्कृष्ट वीरता, साहस तथा उच्चकोटि की कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 18 सितम्बर, 1987 से दिया जाएगा।

सं० 62-प्रेज-89—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नांकित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री कंवर सिंह,
पुलिस उप-अधीक्षक
49 वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल,
अमृतसर।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

स्वर्ण मन्दिर परिसर में बी० टी० ई० और के० सी० एफ० के कुछ कट्टर आतंकवादियों के बारे में विश्वसनीय सूचना मिलने पर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 49 वीं बटालियन के पुलिस उप-अधीक्षक श्री कंवर सिंह को 17 सितम्बर, 1987 की सुबह दाब बस्ती राम, अमृतसर शहर के निकट विशेष नाकाबंदी करने के लिए तैनात किया गया था। उन्होंने 13 जवानों के दल को तीन ग्रुपों में बांटकर तथा चौक के तीन कोनों में तैनात करके चतुराई पूर्वक नाका बंदी की ताकि दल एक दूसरे की मदद कर सके और तीनों सड़कों पर नजर रख सके। प्रातः लगभग 7.45 बजे खोती बाजार की ओर से तीन व्यक्ति साइकिलों पर आए। एक साइकिल सवार लकड़ मंडी बाजार की बायीं ओर मुड़ा और दूसरा उसके पीछे-पीछे गया। एक उप-निरीक्षक, जो वहां से गुजरने वालों पर अपने स्थान से ध्यानपूर्वक नजर रखे हुए था, ने दूसरे साइकिल सवार को पहचान लिया जो कट्टर आतंकवादी कुलविन्दर सिंह था जिसको उन्होंने परिसर में पहले भी देखा था। उन्होंने तुरन्त दूसरी ओर के दल को चिल्लाकर साइकिल सवारों को रोकने के लिए कहा। दल की गतिविधि को देखते हुए, साइकिल सवार ने अपनी पिस्तौल निकाली और अपनी ओर आते हुए केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवान पर गोली चलाने की कोशिश की। चिल्लाहट सुनकर और साइकिल सवारों को पिस्तौल निकालते हुए देखकर श्री कंवर सिंह तुरन्त साइकिल सवार पर कूद पड़े और उसके हाथ को पकड़ लिया जिसमें उसने पिस्तौल पकड़ी हुई थी। यद्यपि, आतंकवादी ने अपनी पिस्तौल से कुछ गोलियां चलायी परन्तु केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के किसी भी जवान को गोली नहीं लगी क्योंकि श्री कंवर सिंह आतंकवादी के पिस्तौल वाले हाथ को नीचे की ओर दबाए रहे। आतंकवादी अपने आप को छुड़ाने की पूरी कोशिश कर रहा था और अपने पिस्तौल से गोली चलाता रहा। आतंकवादी के खतरनाक रवैये को देखकर एक नायक और एक कांस्टेबल ने साथ-साथ गोलियां चलाई, जिससे आतंकवादी की तुरन्त मृत्यु हो गई।

इसी दौरान, पहला साइकिल सवार, जो बहुत आगे निकल चुका था, लकड़ मण्डी बाजार की ओर भागा। चौक के दूसरे किनारे पर तैनात दूसरे दल के दो कांस्टेबलों ने बाजार में साइकिल सवार का पीछा किया। इन कांस्टेबलों द्वारा चुपके पूर्वक पीछा किए जाने को देखकर आतंकवादी ने उन पर गोली चलानी शुरू कर दी। दोनों कांस्टेबलों ने जवाब में डटकर गोली चलाई, जिससे आतंकवादी की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। बाद में इन आतंकवादियों की पहचान करने पर यह पाया गया कि ये बलविन्दर सिंह और परजट सिंह थे। जिनका हत्या के अनेक मामलों में हाथ था।

इस मुठभेड़ में श्री कंवर सिंह, पुलिस उप-अधीक्षक ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 17 सितम्बर, 1987 से दिया जाएगा।

दिनांक 29 जून 1989

सं० 63-प्रेज/89-शुद्धिपत्र—गणतन्त्र दिवस 1989 के उपलक्ष पर सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक प्रदान करने के सम्बन्ध में दिनांक 4 फरवरी, 1989 के भारत के राजपत्र के भाग 1, खण्ड 1 में प्रकाशित इस मन्त्रालय की अधिसूचना सं० 12-प्रेज/89, दिनांक 26 जनवरी, 1989 में निम्नलिखित संशोधन किया जाता है :—

पृष्ठ 16 पर क्रम संख्या 2

श्री हरीश चन्द्र बिश्नोई,
कांस्टेबल,
तीसरी बटालियन, आर० ए० सी०,
जयपुर,
राजस्थान

के स्थान पर

श्री हरीश चन्द्र बिश्नोई,
प्लाटून कमाण्डर (एम० टी० ओ०),
तीसरी बटालियन, आर० ए० सी०,
जयपुर,
राजस्थान।

पढ़ें।

सु० नीलकण्ठन, निदेशक

लोक सभा सचिवालय

(पी० यू० ब्रांच)

नई दिल्ली-110001, दिनांक 22 मई 1989

सं० 4/1-पी० यू०/89—लोक सभा और राज्य सभा के निम्नलिखित सदस्यों ने सरकारी उपक्रमों सम्बन्धी समिति की सदस्यता में उनके नाम के समक्ष लिखी गई तारीख से त्यागपत्र दे दिया है :—

लोक सभा के सदस्य

1. श्री मोहम्मद महफूज अली खां	12-5-1989

राज्य सभा के सदस्य

2 श्री दीपेन घोष	12-5-1989
3. श्री कमल मुरारिका	12-5-1989

दिनांक 26 मई 1989

सं० 4/1-पी० यू०/89—श्री टी० आर० बालू, सदस्य, राज्य सभा ने 18 मई, 1989 से सरकारी उपक्रमों सम्बन्धी समिति की सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया है।

दिनांक 16 जून 1989

सं० 4/1-पी० यू०/89—श्री अजित कुमार साहा ने सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति की सदस्यता से 9 जून, 1989 से त्यागपत्र दे दिया है।

आर० डी० शर्मा, संयुक्त सचिव

योजना आयोग

नई दिल्ली-1, दिनांक 25 मई 1989

संकल्प

सं० एस-13043/12/(14)/87-कृषि—यह निर्णय लिया गया है कि डा० महेश पाठक, निदेशक, कृषि आर्थिक अनुसंधान केन्द्र सरदार पटेल विश्वविद्यालय, वल्लभ विद्या नगर 338120 जिला खेड़ा गुजरात के स्थान पर श्री एस० एम० आचार्य के प्रोफेसर कृषि अर्थशास्त्र राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर-334002 क्षेत्र सं० 14-पश्चिमी शुष्क क्षेत्र के लिए भारत सरकार, योजना आयोग संकल्प सं० एम (13043/12/87-कृषि दिनांक 5-6-88 के अनुसार गठित आयोजन दल के तत्काल प्रभाव से सदस्य सचिव होंगे।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि आयोजन दल के अध्यक्ष तथा सदस्यों, राज्य सरकारों और भारत सरकार के सभी संबद्ध मंत्रालयों और विभागों को संकल्प की प्रति प्रेषित की जाए।

यह आदेश भी दिया जाता है कि सामान्य सूचना के लिए इस संकल्प को भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

जगदीश चन्द्र डंगवाल, निदेशक (प्रशासन)

संसदीय कार्य मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 12 जून 1989

संकल्प

सं० फा० 4(5)/87-हिन्दी—संसदीय कार्य मंत्रालय ने भारत की स्वतन्त्रता की 40वीं वर्षगांठ और नेहरू जन्म शताब्दी वर्ष के दौरान "नेहरू और संसदीय लोकतन्त्र" विषय पर एक अखिल भारतीय हिन्दी लेख प्रतियोगिता आयोजित करने का निश्चय किया है। इस योजना का विवरण नीचे दिया गया है :—

1. योजना का नाम :

इस योजना का नाम "नेहरू और संसदीय लोकतन्त्र" हिन्दी लेख प्रतियोगिता होगा।

2. योजना का उद्देश्य :

संसदीय लोकतन्त्र में जनता का अभिरुचि को जागृत करने तथा उस पर हिन्दी लेखन को प्रोत्साहन देना है।

3. प्रतियोगिता का क्षेत्र :

(क) प्रतियोगिता अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित की जाएगी परन्तु इसे दो क्षेत्रों में विभक्त कर दिया गया है :—

(1) उत्तर प्रदेश, गुजरात, पंजाब, बिहार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान हिमाचल प्रदेश, राज्य और दिल्ली, चन्डीगढ़ तथा निकोबार द्वीप समूह संघ राज्य क्षेत्र।

(2) अरुणाचल प्रदेश, असम, आंध्र प्रदेश, उड़ीसा, कर्नाटक, केरल, गोआ, जम्मू और कश्मीर, तमिलनाडु, त्रिपुरा, नागालैण्ड, पश्चिम बंगाल, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, सिक्किम राज्य और दमन और द्वीव, दादरा और नागर हवेली, पाण्डिचेरी, लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र।

(ख) क्षेत्रों के लिए प्रतियोगिताएं अलग-अलग आयोजित की जाएंगी तथा उनके पुरस्कार भी अलग अलग ही होंगे।

4. पुरस्कार की राशि :

(क) योजना के दोनों क्षेत्रों के लिए निम्नलिखित पुरस्कार पृथक-पृथक दिए जाएंगे :—

(क) प्रथम पुरस्कार : (2) रु० 1000 (एक हजार रु०) प्रत्येक

(ख) द्वितीय पुरस्कार (3) रु० 750 (सात सौ पचास) प्रत्येक

(ग) तृतीय पुरस्कार (5) रु० 500 (पांच सौ रुपये) प्रत्येक

(ख) पुरस्कार नेहरू जन्म दिवस अर्थात 14 नवम्बर, 1989 को एक विशिष्ट समारोह में प्रदान किए जायेंगे।

5. पात्रता :

(क) भारतीय नागरिक इसमें भाग ले सकेंगे।

(ख) प्रतियोगी स्नातक या उससे अधिक उपाधि प्राप्त होना चाहिए।

(ग) प्रतियोगी उसी क्षेत्र का निवासी होना चाहिए जिसके लिए वह प्रतियोगिता में भाग ले रहा है।

6. विषय :

प्रतियोगिता का विषय "नेहरू और संसदीय लोकतन्त्र" होगा।

7. सामान्य शर्तें :

(क) लेखकों से यह अपेक्षित होगा कि वह आवेदन पत्र के साथ लेख की 3 प्रतियां भेजें।

(ख) प्रतियोगिता के लिए लेख को, प्रतियोगी द्वारा स्वयं लिखा जाना चाहिए।

(ग) लेख किसी पुस्तक से उद्धृत अथवा लघुकृत नहीं किया गया होना चाहिए।

(घ) लेख किसी अन्य भाषा में पूर्व प्रकाशित लेख का हिन्दी अनुवाद नहीं होना चाहिए।

(ङ) पुरस्कृत लेख पर मंत्रालय का यह अधिकार होगा कि वह उसे किस रूप में प्रकाशित अथवा उद्धृत कर सकेगा।

(च) प्रस्तुत लेख को किसी अन्य योजना के अधीन पुरस्कार प्राप्त नहीं होना चाहिए।

(छ) संसदीय कार्य मंत्रालय को पुरस्कार प्राप्त कर्त्ताओं का चयन और इस प्रकार के चयन को विनियमित करने वाले नियम आदि बनाने का अनन्य अधिकार होगा।

(ज) संसदीय कार्य मंत्रालय को इस योजना में संशोधन करने का अनन्य अधिकार होगा।

(झ) लेख एक निर्धारित तारीख तक ही स्वीकार किए जायेंगे।

8. लेख की सीमा :

लेख अधिकतम 3000 शब्दों का होना चाहिए।

9. मूल्यांकन समिति :

(क) पुरस्कार प्रदान किए जाने के बारे में निर्णय एक मूल्यांकन समिति द्वारा किया जाएगा।

(ख) मूल्यांकन के लिए 5 सदस्यों की एक मूल्यांकन समिति गठित की जाएगी जिसका पदेन अध्यक्ष सचिव, संसदीय कार्य मंत्रालय होगा। समिति के तीन सदस्य बाहर के व्यक्ति होंगे जो कि विषय से सम्बन्धित विशेषज्ञ होंगे।

(ग) मूल्यांकन की पूर्ण प्रक्रिया का निर्धारण संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा किया जाएगा। मूल्यांकन समिति के अध्यक्ष सहित सभी सदस्यों/विशेषज्ञों को उनके द्वारा किए गए मूल्यांकन कार्य के लिए यथानिर्धारित मानदेय और/अथवा इस संबंध में की गयी यात्राओं के लिए नियमानुसार अनुज्ञेय यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता दिया जाएगा।

विविध :

10. सचिव, संसदीय कार्य मंत्रालय, प्रमुख हिन्दी और अंग्रेजी के समाचार पत्रों में विज्ञापन देकर प्रतियोगियों से लेख आमंत्रित करेंगे।

11. पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रतियोगियों को मूल्यांकन समिति के निर्णय की सूचना मंत्रालय द्वारा दी जाएगी।

12. पुरस्कारों का वितरण विशेष तौर पर आयोजित एक समारोह में किया जाएगा। पुरस्कार प्राप्त कर्त्ताओं को आने-जाने का रेल का किराया दिया जाएगा।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि संकल्प की एक प्रति सभी राज्य सरकारों, भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों को भेजी जाए।

यह भी आदेश दिया जाता है कि संकल्प को आम सूचना के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

देवराज तिवारी, उप सचिव

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय

(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

नियम

नई दिल्ली, दिनांक 15 जुलाई 1989

सं० 10/1/89-के० से०-II—इस विभाग की दिनांक 20-5-89 की अधिसूचना संख्या 10-1-89-के० से०-II का अधिक्रमण करते हुए एतद्द्वारा निम्नलिखित नियम अधिसूचित किए जाते हैं।

कर्मचारी चयन आयोग, कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग, नई दिल्ली द्वारा केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा के ग्रेड "घ" में, अस्थायी रिक्तियों को भरने के लिए वर्ष 1989 के दौरान प्रत्येक तीन महीने में एक बार एक महीने के द्वितीय शनिवार तथा रविवार और यदि आवश्यक हुआ तो उसके बाद पड़ने वाली छुट्टी/रविवार को ली जाने वाली प्रतियोगिता परीक्षा के लिए नियम जन साधारण की सूचना के लिए प्रकाशित किए जाते हैं।

2. केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा के परीक्षा के परिणामों के आधार पर भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या का निर्धारण सरकार द्वारा समय-समय पर किया जाएगा और कर्मचारी चयन आयोग को इसकी सूचना आयोग द्वारा यदि आवश्यक समझा जाता है, परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए जाने से पहले दे दी जाएगी। भारत सरकार द्वारा यथा-निर्धारित रिक्तियों के संबंध में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जन जातियों के उम्मीदवारों के लिए आरक्षण किए जाएंगे।

(1) अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जन जातियों से उन अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों से आशय है जो संविधान (अनुसूचित जाति आदेश 1950, संविधान (अनुसूचित जन जाति), आदेश, 1960 संविधान (अनुसूचित जाति) (संघ राज्य क्षेत्र) आदेश, 1951, संविधान (अनुसूचित जन जाति) (संघ राज्य क्षेत्र) आदेश, 1951 में दी गई हों और जिसे (अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जन जाति) सूचियां संशोधन आदेश 1956, बम्बई पुनर्गठन अधिनियम 1960 पंजाब पुनर्गठन अधिनियम 1966, हिमाचल प्रदेश राज्य अधिनियम, 1970 तथा उत्तर पूर्वी क्षेत्र (पुनर्गठन) अधिनियम, 1971, संविधान (जम्मू और काश्मीर) अनुसूचित जाति आदेश 1956, संविधान (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह) अनुसूचित जन जाति आदेश, 1959 संविधान (दादरा और नागर हवेली) अनुसूचित जाति आदेश, 1962 संविधान (दादरा और नागर हवेली) अनुसूचित जाति आदेश, 1962 संविधान (दादरा और नागर हवेली) अनुसूचित जन जाति आदेश 1962, संविधान (पांडिचेरी) अनुसूचित जाति आदेश, 1964, संविधान (अनुसूचित जन जाति) उत्तर प्रदेश आदेश 1967, संविधान (गोवा, दमन, दीव) अनुसूचित जाति आदेश 1968 संविधान (गोवा, दमन और दीव) अनुसूचित जन जाति आदेश 1968 तथा संविधान (नागालैंड) अनुसूचित जन जातियां आदेश, 1970, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जन जाति आदेश (संशोधन) अधिनियम 1976, संविधान (सिक्किम) अनुसूचित जाति आदेश, 1978 तथा संविधान (सिक्किम) अनुसूचित जन जाति आदेश, 1978 द्वारा संशोधित किया गया है।

3. कर्मचारी चयन आयोग द्वारा यह परीक्षा इन नियमों के परिशिष्ट-1 में निर्धारित ढंग से ली जाएगी। प्रवेश के प्रयोजन के लिए उम्मीदवारों को अपने आवेदन पत्र परिशिष्ट-II में दिए गए प्रपत्र के अनुसार सादे कागज पर भेजने होंगे। इन आवेदन पत्रों को संबंधित मंत्रालय/विभाग/कार्यालय द्वारा संवीक्षा के बाद अनुबंध-1 में दिए कार्यक्रम के अनुसार कर्मचारी चयन आयोग को अग्रेषित कर दिया जाएगा।

4. नियमित रूप से नियुक्त केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा का कोई भी स्थायी या अस्थायी अवर श्रेणी/उच्च श्रेणी लिपिक इस परीक्षा में तथा उन रिक्तियों के लिए प्रतियोगिता परीक्षा में बैठ सकेंगे।

4(1) सेवाकाल : उसने "निर्णायक तारीख" को जैसा कि केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा समूह "घ" [प्रतियोगिता परीक्षा विनियम, 1969 के विनियम 2(क) में परिभाषित है] केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा के अवर श्रेणी ग्रेड अथवा उच्च श्रेणी ग्रेड में कम से कम 2 वर्षों की अनुमोदित और लगातार सेवा पूर्ण कर ली हो।

टिप्पणी 1 :—दो साल की अनुमोदित और निरन्तर सेवा की शर्त भी लागू होगी यदि किसी उम्मीदवार की कुल गिनी जाने वाली सेवा आंशिक रूप से केन्द्रीय लिपिक सेवा के अवर श्रेणी ग्रेड अथवा उच्च श्रेणी ग्रेड में हो।

टिप्पणी 2 —केन्द्रीय सचिवालय सेवा की अवर श्रेणी लिपिक ग्रेड या उच्च श्रेणी के वे अधिकारी जो सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से निःसंवर्ग पदों में प्रतिनियुक्ति पर हैं, यदि अन्यथा पात्र हों तो इस परीक्षा में बैठने के पात्र होंगे। यह शर्त उस अधिकारी पर भी लागू होती है जो स्थानान्तरण पर किसी निःसंवर्ग पद पर या किसी अन्य सेवा में नियुक्त किया गया है और यदि उस अधिकारी का केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा के अवर श्रेणी ग्रेड या उच्च श्रेणी ग्रेड में फिलहाल कोई पूर्व ग्रहणाधिकार चलता जा रहा हो।

टिप्पण : 3—अवर श्रेणी या उच्च श्रेणी ग्रेड में नियमित रूप में नियुक्त अधिकारी का अर्थ उस अधिकारी से है जो केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा नियम 1962 के आरंभ में केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा के किसी संवर्ग में आवंटित हो या उसके पश्चात् उस सेवा की अवर श्रेणी ग्रेड या उच्च ग्रेड में दीर्घकालीन आधार पर जैसी भी स्थिति हो, निर्धारित कार्य पद्धति के अनुसार नियुक्त हों।

(2) आयु : इस परीक्षा के लिए किसी उम्मीदवार की आयु "निर्णायक तारीख" को (जैसा कि केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा समूह "घ") [प्रतियोगिता परीक्षा विनियम, 1969 के नियम 2(ख) में परिभाषित है] 50 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

इस आयु रियायत के अन्तर्गत परीक्षा में बैठने के लिए जिन उम्मीदवारों को अनुमति दे दी जाती है वे सभी रिक्तियों के लिए परीक्षा में बैठने के पात्र होंगे।

5 ऊपर बताई गई अधिकतम आयु सीमा में निम्नलिखित मामलों में और ढील दी जा सकेगी :—

(i) यदि उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या अनुसूचित जन जाति का हो तो अधिक से अधिक 5 वर्ष तक।

(ii) यदि उम्मीदवार भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान (अब बंगला देश) का वास्तविक विस्थापित व्यक्ति हो और 1 जनवरी, 1964 और 25 मार्च, 1971 के बीच की अवधि में उसने भारत में प्रव्रजन किया हो तो अधिक से अधिक 3 वर्ष तक।

(iii) यदि उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या किसी अनुसूचित जन जाति का हो तथा भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान (अब बंगला देश) का संदभाविक विस्थापित व्यक्ति भी हो और 1 जनवरी, 1964 और 25 मार्च, 1971 के बीच की अवधि में उसने भारत में प्रव्रजन किया हो तो अधिक से अधिक 8 वर्ष तक।

(iv) यदि उम्मीदवार श्रीलंका से सद्भावपूर्वक प्रत्यावर्तित या प्रत्यावर्तित होने वाला भारत मूलक व्यक्ति हो और अक्तूबर, 1964 के भारत श्रीलंका समझौते के अधीन 1 नवम्बर, 1964 को या उसके बाद उसने भारत में प्रव्रजन किया हो या करने वाला हो तो अधिक से अधिक 3 वर्ष तक।

(v) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति-अनुसूचित जन जाति का हो और श्रीलंका से सद्भाव पूर्वक प्रत्यावर्तित या प्रत्यावर्तित होने वाला भारत मूलक व्यक्ति हो तथा अक्तूबर, 1964 के भारत श्रीलंका समझौते के अधीन 1 नवम्बर, 1964 को या उसके बाद उसने भारत से प्रव्रजन किया हो या करने वाला हो तो अधिक से अधिक 8 वर्ष तक।

(vi) यदि उम्मीदवार भारत मूलक व्यक्ति हो और उसने कीनिया युगांडा या तंजानिया संयुक्त गणराज्य से प्रव्रजन किया हो या जांबिया, मलावी, जेरे और इथोपिया से प्रत्यावर्तित हो तो अधिक से अधिक 3 वर्ष तक ।

(vii) यदि उम्मीदवार बर्मा से सद्भाव पूर्वक प्रत्यावर्तित भारत मूलक व्यक्ति हो और उसने 1 जून, 1963 को या उसके बाद भारत में प्रव्रजन किया हो तो अधिक से अधिक 3 वर्ष तक ।

(viii) यदि उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या अनुसूचित जन जाति का हो और से सदभाव पूर्वक प्रत्यावर्तित भारत मूलक व्यक्ति हो तथा उसने 1 जून 1963 को या उसके बाद भारत में प्रव्रजन किया हो तो अधिक से अधिक 8 वर्ष तक ।

(ix) यदि कोई उम्मीदवार वास्तविक रूप से प्रत्यावर्तित मूलतः भारतीय व्यक्ति (जिसके पास भारतीय [परिपत्र हो) और ऐसा उम्मीदवार जिसके पास वियतनाम में भारतीय राज दूतावास द्वारा जारी किया गया आपातकाल का प्रमाण–पत्र है, और जो वियतनाम से जुलाई, 1975 से पहले भारत नहीं आया है, तो उसके लिए अधिक से अधिक 3 वर्ष;

(x) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित जन जाति का हैं तथा भारत मूलक का वास्तविक प्रत्यावर्तित व्यक्ति (भारतीय पारपत्रधारी) है तथा साथ ही वियतनाम में भारतीय राजदूतावास द्वारा आपातकाल प्रमाण पत्र रखने वाला ऐसा उम्मीदवार हैं जो वियतनाम से जुलाई, 1975 के बाद आया हैं तो अधिकतम आठ वर्ष तक ।

ऊपर दी गई व्यवस्था को छोड़कर निर्धारित आयु सीमा मे किसी भी हालत में छूट नहीं दी जा सकती है ।

6 परीक्षा में असफल होने वाला उम्मीदवार अगली परीक्षा में बैठने का पात्र नहीं होगा, परन्तु उससे अगली या उसके बाद की ही परीक्षा में बैठने का पात्र होगा ।

7. ऐसे किसी उम्मीदवार को परीक्षा में प्रवेश नही करने दिया जाएगा जिसके पास आयोग द्वारा दिया गया प्रवेश पत्र न हो ।

8. सामान्य उम्मीदवारों को रु० 8.00 (केवल रु० आठ) की निर्धारित फीस पोस्टल आर्डरों या बैंक ड्राफ्टों के द्वारा देनी होगी ।

(अनुसूचित जाति/जन जाति के उम्मीदवारों को कोई फीस नहीं देनी होगी) ।

9. अपनी उम्मीदवारी के लिए किसी भी साधन द्वारा समर्थन प्राप्त करने के प्रयास किए जाने से प्रवेश के लिए उसे अनर्हक किया जा सकेगा ।

10. यदि किसी उम्मीदवार को आयोग द्वारा निम्नलिखित बातों के लिए दोषी घोषित कर दिया जाता है या कर दिया गया हो कि उसने :—

(i) किसी भी प्रकार से अपनी उम्मीदवारी के लिए समर्थन प्राप्त किया है, अथवा

(ii) नाम बदल कर परीक्षा दी है, अथवा

(iii) किसी अन्य व्यक्ति से छद्म रूप से कार्य कराया हैं अथवा

(iv) जाली प्रमाण–पत्र या ऐसे प्रमाण–पत्र प्रस्तुत किए है जिनमें तथ्यों को बिगाड़ा गया हो, अथवा

(v) गलत या झूठे वक्तव्य दिए हैं या किसी महत्वपूर्ण तथ्य को छिपाया हैं, अथवा

(vi) परीक्षा में प्रवेश पाने के लिए किसी अन्य अनियमित अथवा अनुचित उपायों का सहारा लिया हैं, अथवा

(vii) परीक्षा के समय अनुचित साधनों का प्रयोग किया हो, या

(viii) उत्तर पुस्तिकाओं पर असंगत बातें लिखी हों जो अश्लील भाषा मे या अभद्र आशय की हों, या

(ix) परीक्षा भवन में और किसी प्रकार का दुर्व्यवहार किया हो, या

(x) परीक्षा चलाने के लिए आयोग द्वारा नियुक्त कर्मचारियों को परेशान किया हो या अन्य प्रकार की शारीरिक क्षति पहुंचाई हो,

(xi) उपर्युक्त खण्डों में उल्लिखित सभी अथवा किसी भी कार्य के द्वारा आयोग को अवप्रेरित करने का प्रयत्न किया हो, तो उस पर आपराधिक अभियोग (क्रिमिनल प्रासीक्यूशन) चलाया जा सकता है और उसके साथ ही उसे:—

(क) आयोग द्वारा उस परीक्षा से, जिसका वह उम्मीदवार है, बैठने के लिए अयोग्य ठहराया जा सकता हैं, अथवा

(ख) उसे स्थायी रूप से अथवा एक विशेष अवधि के लिए

(i) आयोग द्वारा ली जाने वाली किसी भी परीक्षा अथवा चयन के लिए,

(ii) केन्द्रीय सरकार द्वारा अपने अधीन किसी भी नौकरी से वारित किया जा सकता है, और

(ग) उपर्युक्त नियमों के अधीन अनुशासनिक कार्यवाही की जा सकती ।

11. परीक्षा के बाद उम्मीदवारों को आयोग द्वारा प्रत्येक उम्मीदवार को अंतिम रूप से दिए गए कुल अंकों के आधार पर योग्यता क्रम के अनुसार रखा जाएगा और इसी क्रम में उतने उम्मीदवारों की, जितनों को आयोग द्वारा उतीर्ण समझा जाएगा केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा ग्रेड "ब" के पदों में परीक्षा के परिणामों के आधार पर भरी जाने वाली अनारक्षित रिक्तियों की संख्या तक नियुक्ति के लिए सिफारिश की जाएगी ।

लेकिन यह भी शर्त है कि यदि अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जन जातियों के उम्मीदवारों के लिए निर्धारित आरक्षित रिक्तियों की संख्या न भरी गई हो तो कर्मचारी चयन आयोग द्वारा निर्धारित सामान्य स्तर के अनुसार उस सेवा–पद पर नियुक्ति के लिए उपर्युक्त घोषित कर देने पर उसे सेवा–पद में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जन जातियों के सदस्यों के लिए आरक्षित स्थानों पर नियुक्ति की जाने के लिए परीक्षा में उसके योग्यता क्रम के स्थान पर ध्यान किए बिना ही उनकी सिफारिश कर दी जाएगी ।

टिप्पणी:—उम्मीदवारों को यह भी स्पष्ट रूप से समझ लेना चाहिए कि यह प्रतियोगिता परीक्षा हैं न कि अर्हक । परीक्षा के लिए परिणामों के आधार पर सेवा के ग्रेड "ब" में नियुक्त किए जाने वाले व्यक्तियों की संख्या निश्चित करने के लिए सरकार पूर्णता सक्षम हैं । अतः किसी भी उम्मीदवार का इस परीक्षा में अपने निष्पादन के आधार पर, एक अधिकार के तौर पर ग्रेड "ब" आशुलिपिक के पद पर नियुक्ति के लिए कोई दावा नही होगा ।

12. अलग–अलग उम्मीदवारों के परीक्षा–परिणामों की सूचना के स्वरूप तथा प्रकार के बारे में आयोग द्वारा अपने विवेकानुसार निर्णय किया जाएगा और आयोग उसके साथ परीक्षाफल के बारे में कोई पत्राचार नहीं करेगा ।

13. परीक्षा में सफलता मात्र से ही चयन का सब तक कोई अधिकार नहीं मिलता जब तक कि सरकार द्वारा यथावश्यक जांच पड़ताल न हो जाए कि उम्मीदवार सेवा में अपने चरित्र की दृष्टि से चयन के लिए सब प्रकार से उपयुक्त है ।

वह उम्मीदवार जो परीक्षा में प्रवेश के लिए आवेदन करने के पश्चात् अथवा उसमें बैठने के पश्चात् अपने पद से त्याग पत्र दे देता है, अथवा सेवा को अन्यथा छोड़ देता है अथवा उसके संधि विच्छेद कर लेता है, उसके विभाग द्वारा उसकी नौकरी समाप्त कर दी जाती है अथवा जो उम्मीदवार, "स्थानान्तरण" पर किसी संवर्ग बाह्य पद अथवा किसी दूसरी सेवा में

नियुक्त किया जाता है और केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा में उसका पूर्ण ग्रहणाधिकार नहीं होता है उस परीक्षा के परिणामों के आधार पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा ।

किन्तु यह उस उम्मीदवार पर लागू नहीं होता जो सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से किसी निःसंवर्ग पद पर प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त किया गया है ।

14. ये नियम दिनांक 20-5-89 से प्रवृत्त होंगे ।

डा० रविन्द्र सिंह, अवर सचिव

परिशिष्ट—I

परीक्षा पद्धति

उम्मीदवारों को अंग्रेजी में या हिन्दी में 10 मिनट की एक श्रुतलेख की परीक्षा 80 शब्द प्रति मिनट की गति से देनी होगी । जो उम्मीदवार अंग्रेजी परीक्षा देने का विकल्प करेंगे उन्हें 65 मिनट में लिप्यान्तर करना होगा और जो उम्मीदवार हिन्दी में परीक्षा देने का विकल्प करेंगे उन्हें क्रमशः 75 मिनट में लिप्यान्तर करना होगा । आशुलिपि परीक्षा के लिए अधिकतम अंक 300 होंगे ।

टिप्पणी:—जो उम्मीदवार आशुलिपिक परीक्षा हिन्दी में देने का विकल्प लेंगे उन्हें अपनी नियुक्ति के बाद अंग्रेजी आशुलिपि और जो उम्मीदवार आशुलिपि की परीक्षा अंग्रेजी में देने का विकल्प लेंगे उन्हें हिन्दी आशुलिपि सीखनी होगी ।

2. उम्मीदवारों को अपने आशुलिपि के नोटों का टाइपराइटर पर लिप्यान्तरण करना होगा और इस प्रयोजन के लिए उन्हें अपने साथ अपने टाइपराइटर लाने होंगे ।

कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित तिमाही आशुलिपिक परीक्षा का कार्यक्रम ।

जिस माह में परीक्षा होगी	आयोग में आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख	परीक्षा की तारीख
जनवरी	पिछले वर्ष की 15 नवम्बर की तारीख	जनवरी माह का द्वितीय शनिवार तथा रविवार
अप्रैल	15 फरवरी	अप्रैल माह का द्वितीय शनिवार तथा रविवार
जुलाई,	15 मई	जुलाई माह का द्वितीय शनिवार तथा रविवार
अक्तूबर	15 अगस्त	अक्तूबर माह का द्वितीय शनिवार तथा रविवार

परिशिष्ट—II

प्रपत्र

कर्मचारी चयन आयोग

ग्रेड "घ" आशुलिपिक प्रतियोगिता परीक्षा

: यहां उम्मीदवार के पासपोर्ट साइज के :
: फोटो की हस्ताक्षरित प्रति चिपकाई जाए :
: दूसरी हस्ताक्षरित फोटो की प्रति आवेदन :
: पत्र के साथ संलग्न की जानी चाहिए । :
: :
: :

(1) पोस्टल आर्डर/बैंक ड्राफ्ट का विवरण और मूल्य

(2) उम्मीदवार का नाम श्री/श्रीमती/कुमारी (साफ अक्षरों में)

(3) सही जन्म तिथि (इस्वी सन् में)

(4) परीक्षा केन्द्र: .....

(5) जिस कार्यालय में कार्य कर रहे हों उसका नाम तथा पता:———

(6) क्या आप

(1) अनुसूचित जाति.....

(2) अनुसूचित जन जाति .....

(7) (1) पिता का नाम

(2) पति का नाम (महिला उम्मीदवार के मामले में)

(8) जिस भाषा (हिन्दी अथवा अंग्रेजी) में आप आशुलिपि परीक्षा देना चाहते हों, उसका नाम लिखें ।

(9) क्या आप पिछली परीक्षा में बैठे थे : यदि हां तो अपना रोल नं० तथा परीक्षा का महीना लिखें ।

(10) (क) क्या आप केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा के अवर श्रेणी ग्रेड/उच्च श्रेणी ग्रेड के स्थायी अथवा नियमित रूप से नियुक्त अस्थायी अधिकारी हैं और क्या आपने निर्णायक तारीख को संगत ग्रेड में न्यूनतम दो वर्ष की लगातार सेवा कर ली है ।

टिप्पणी :—निर्णायक तारीख से तात्पर्य है ।

(1) यदि परीक्षा उस वर्ष की पहली जुलाई से पहले लिए जाने के लिए अधिसूचित की जाती है, तो निर्णायक तारीख उस वर्ष की पहली जनवरी होगी ।

(2) यदि परीक्षा उस वर्ष की पहली जुलाई के बाद लिए जाने के लिए अधिसूचित की जाती है तो निर्णायक तारीख उस वर्ष की पहली अगस्त होगी ।

(ख) संवर्ग में अवर श्रेणी लिपिक/श्रेणी लिपिक के पद पर नियमित होने की तारीख ।

(11) यदि आप सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से संवर्ग बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति पर हैं अथवा संवर्ग बाह्य पद पर स्थानांतरण के आधार पर हैं तो क्या आप पूर्व पद पर अपना धारणाधिकार (लियन) रखेंगे ।

(टिप्पणी:—नाम व पता दर्शाने वाली छः प्रतियां संलग्न करें)

उम्मीदवार के हस्ताक्षर

उस कार्यालय के विभागाध्यक्ष द्वारा भरे जाने के लिए जिसमें उम्मीदवार सेवा कर रहा है ।

प्रमाणित किया जाता है कि :—

(1) आवेदन पत्र के कालमों में उम्मीदवार द्वारा की गई प्रविष्टियों को उसके सेवा रिकार्डों से जांच कर ली गई है और वे सही हैं ।

(2) उसके आवेदन पत्र की जांच कर ली गई है और प्रमाणित किया जाता है कि वह नियमों में निर्धारित सभी शर्तों को पूरा करता है तथा वह परीक्षा में बैठने के लिए सभी तरह से पात्र है।

हस्ताक्षर

नाम

पदनाम

विभाग/कार्यालय

संख्या .....

तारीख .....

टिप्पणी:—जो उम्मीदवार एक बार फेल हो जाता है वह केवल अगले तीन महीनों के बाद की परीक्षा में बैठ सकता है अर्थात् जो उम्मीदवार अप्रैल में ली जाने वाली परीक्षा में फेल हो जाए तो वह अक्तूबर अथवा उसके बाद होने वाली परीक्षा में बैठ सकता है

उद्योग मंत्रालय

(कम्पनी कार्य विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 15 जून 1989

सं० 27/5/89-सी० एल०-2—कम्पनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) की धारा 209-क की उपधारा (1) के खण्ड (ii) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा कम्पनी कार्य विभाग के श्री धनराज, निरीक्षण अधिकारी को उक्त धारा 209-क के प्रयोजन के लिए प्राधिकृत करती है।

सं० 27/5/89-सी० एल०-2—कम्पनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) की धारा 209क की उपधारा (1) के खण्ड (ii) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा कम्पनी कार्य विभाग के सर्वश्री के० पंचापकेसन, निरीक्षण अधिकारी और टी० अमरनाथ, सहायक निरीक्षण अधिकारी को उक्त धारा 209क के प्रयोजन के लिए प्राधिकृत करती है।

एम० एल० शर्मा, अवर सचिव

जल संसाधन मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 9 जून, 1989

सं० 3/1/86-फ० ब० परि०—फरक्का बराज परियोजना की तकनीकी सलाहकार समिति के गठन के सम्बन्ध में इस मंत्रालय के दिनांक 11 अक्तूबर 1988 के संकल्प सं० 3/1/86-फ० ब० परि० के आंशिक संशोधन में, तकनीकी सलाहकार समिति को निम्न रूप से पुनर्गठित करने का निर्णय लिया गया है :—

1.	सदस्य (डी० एंड आर०) केन्द्रीय जल आयोग	अध्यक्ष
2.	निदेशक, केन्द्रीय जल एवं विद्युत अनुसंधान केन्द्र, पुणे	सदस्य
3	अध्यक्ष, गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग, पटना (वैकल्पिक-सदस्य गं० बा० नियंत्रण आयोग)	सदस्य
4.	कलकत्ता पोर्ट ट्रस्ट का प्रतिनिधि	सदस्य
5.	सतही परिवहन मंत्रालय का प्रतिनिधि	सदस्य
6.	मुख्य इंजीनियर, सिंचाई एवं जलमार्ग विभाग, पश्चिम बंगाल सरकार	सदस्य
7.	प्रमुख इंजीनियर, सिंचाई विभाग बिहार सरकार,	सदस्य
8.	महाप्रबन्धक, फरक्का बराज परियोजना	सदस्य सचिव

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को राज्य सरकारों, भारत सरकार के मंत्रालयों, भारत के नियंत्रक एवं महा लेखा परीक्षक, प्रधान मंत्री के कार्यालय, राष्ट्रपति के सचिव तथा योजना आयोग को सूचना हेतु भेज दिया जाए।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को भारत के राजपत्र में भी प्रकाशित किया जाए तथा पश्चिम बंगाल सरकार से अनुरोध किया जाए कि इसे जन साधारण की सूचना हेतु राज्य के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

डा० जे० पी० सिंह, अवर सचिव

खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्रालय

(नागरिक पूर्ति विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 28 जून, 1989

संकल्प

विषय भारतीय विधिक माप विज्ञान संस्थान, रांची के लिए सलाहकार समिति का पुनर्गठन।

सं० डब्ल्यू० एम० 2(15)/188—भारतीय विधिक माप विज्ञान संस्थान नियम, 1980 के नियम 8 के अनुसरण में तथा खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्रालय, नागरिक पूर्ति विभाग के 12 मार्च, 1983 के संकल्प सं० डब्ल्यू० एम० 9(5)/184 को अधिक्रांत करते हुए, केन्द्रीय सरकार, भारतीय विधिक माप-विज्ञान संस्थान, रांची की सलाहकार समिति का पुनर्गठन करती है, जिसमें निम्नलिखित व्यक्ति होंगे :—

1.	सचिव भारत सरकार, नागरिक पूर्ति विभाग, नई दिल्ली।	सभापति
2.	महाप्रबंधक भारत सरकार टकसाल, मुम्बई।	सदस्य
3.	डा० आर० जी० काम्बले, निदेशक, विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली।	सदस्य
4.	श्री बी० एस० सलूजा, अपर विधायी परामर्शी, विधायी विभाग, विधि और न्याय मंत्रालय, नई दिल्ली।	सदस्य
5.	निदेशक, राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला, नई दिल्ली।	सदस्य
6.	श्री आर० कुमार, कार्यपालक निदेशक (सेवा) एवरी इंडिया लिमिटेड, 28-कम्यूनिटी सेंटर, साकेत, नई दिल्ली।	सदस्य
7.	प्रधान, विज्ञान तथा गणित शिक्षा विभाग, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान तथा प्रशिक्षण परिषद, नई दिल्ली।	सदस्य
8.	प्रधान वर्कशाप विभाग, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान तथा प्रशिक्षण परिषद्, नई दिल्ली।	सदस्य
9.	नियंत्रक, बाट तथा माप, केरल सरकार, तिरुवनन्तपुरम।	सदस्य

10.	श्री जी० वी० बिरागी, विधिक मापविज्ञान संयुक्त नियंत्रक, महाराष्ट्र राज्य, मुम्बई ।	सदस्य
11.	बाट तथा माप नियंत्रक, मणिपुर सरकार, इम्फाल ।	सदस्य
12.	उप निदेशक, बाट और माप, जम्मू–कश्मीर सरकार, जम्मू ।	सदस्य
13.	प्रशिक्षार्थी प्रतिनिधि, भारतीय विधिक माप विज्ञान संस्थान ।	सदस्य
14.	महानिदेशक, भारतीय मानक ब्यूरो, नई दिल्ली ।	सदस्य
15.	अपर सचिव और वित्तीय सलाहकार, खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्रालय, नई दिल्ली ।	सहयोजित सदस्य
16.	ग्रुप कैप्टन (सेवा निवृत्त) एम० मुकुटमणि, महानिदेशक, मानकीकरण परीक्षण और क्वालिटी नियंत्रण निदेशालय, इलैक्ट्रानिक विभाग, सी–91 साउथ एक्सटेंशन भाग–2, नई दिल्ली–110049 ।	सहयोजित सदस्य
17.	निदेशक, विधिक माप विज्ञान, नागरिक पूर्ति विभाग ।	पदेन सदस्य
18.	प्रधानाचार्य, भारतीय विधिक माप विज्ञान संस्थान, रांची ।	पदेन संयोजक

श्रीमती एम० नागर, संयुक्त सचिव

श्रम मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 16 जून 1989

सं० क्यू०–16011/1/88–ई० एस० ए० (डब्ल्यू० ई०)–केन्द्रीय श्रमिक शिक्षा बोर्ड के नियमों और विनियमों के नियम 4(v) तथा (vii) के साथ पठित नियम 3 (iv) के अनुसरण में, भारत सरकार डा० रामनाथन, सदस्य (कार्मिक), तेल व प्राकृतिक गैस आयोग, नई दिल्ली के स्थान पर श्री आर० डी० गुप्ता, सलाहकार स्कोप को केन्द्रीय श्रमिक शिक्षा बोर्ड का सदस्य नियुक्त करती है जो इस अधिसूचना के जारी होने की तारीख से स्कोप का प्रतिनिधित्व करेंगे ।

2. तदनुसार भारत के राजपत्र, भाग I, खण्ड 1 में प्रकाशित श्रम और पुनर्वास मंत्रालय की तारीख 23/24 जून, 1983 की अधिसूचना सं० क्यू–16012/2/83–डब्ल्यू० ई० में निम्नलिखित परिवर्तन किए जाएंगे :—

(i) वर्तमान प्रविष्टि के स्थान पर, अर्थात :—

"13. डा० एस० रामनाथन, सदस्य(कार्मिक), तेल व प्राकृतिक गैस आयोग, इलाहाबाद बैंक बिल्डिंग, तीसरा तल, संसद मार्ग, नई दिल्ली ।

(ii) निम्नलिखित प्रविष्टि प्रतिस्थापित की जाएगी, अर्थात् :—

"13. श्री आर० डी० गुप्ता, सलाहकार, स्कोप,
मार्फत स्कोप, स्कोप कम्प्लैक्स,
7, लोदी रोड़, नई दिल्ली–110 003 "

सं० क्यू–16011/1/88–ई० एस० ए० (डब्ल्यू० ई०)—केन्द्रीय श्रमिक शिक्षा बोर्ड के नियमों और विनियमों के नियम 8 के अनुसरण में, भारत सरकार इस अधिसूचना के जारी होने की तारीख से तेल व प्राकृतिक गैस आयोग, नई दिल्ली के डा० एस० रामनाथन, सदस्य (कार्मिक) के स्थान पर श्री आर० डी० गुप्ता, सलाहकार स्कोप को केन्द्रीय श्रमिक शिक्षा बोर्ड के शासी निकाय का सदस्य नामित करती है ।

ए० के० चन्दा, उप सचिव

PRESIDENT'S SECRETARIAT

New Delhi, the 26th June 1989

No. 57-Pres./89.—The President is pleased to award the Police Medal for gallantry to the undermentioned officer of the Madhya Pradesh Police :—

Name and rank of the Officer

Shri Purushottam Sharma, *(Posthumous)*
Constable No. C/1779,
D.R.P. Lines,
District Gwalior,
Madhya Pradesh.

Statement of services for which the decoration has been awarded

